अणु प्रश्न

(1) 'चन्द्रगहना से लौटती बेर' **कविता** के कवि का नाम क्या है?

(2) कवि के अनुसार चने ने किस रंग की पगड़ी **बाँधी** है**?**

(3) कवि ने सरसों के फूल को किस रूप में प्रस्तुत किया हैं ?

(4) अलसी कवि को कैसी दिखाई दे रही है ?

(5) कवि के अनुसार प्रेम हो प्रेम **कहाँ** दृष्टिगोचर होता है?

(6) फ़ागुन फ़ाग क्यों गा रहा है ?

(7) तालाब का पानी कौन पी रहा है ?

(8) बगुला पानी में कैसे खड़ा है ?

(9) कविता में मछली किसका प्रतीक हैं?

(10) सफद बगुले को कवि क्या बता रहा **है** ?

(11) गांव के तालाब में कवि क्या–क्या चित्रित कर रहा है

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. कवि ने चने को गुलाबी पगड़ी **बाँधे** हुए क्यों कहा है

   (क) चना बहुत प्रसन्न है

   (ख) चना विवाह के लिए तैयार है

   (ग) चना पकने को है

   (घ) चने को मिलने जाना है

2. ह्रदय का दान से क्या अभिप्राय है?

   (क) हृदय का इलाज करना

   (ख) प्यार करना

   (ग) भला चाहना

   (घ) इज्जत देना

3. फाग गाता मास फागुन आ गया है**-** पंक्ति में कौन–सा अंलकार है?

(क) यमक

(ख) उपमा

(ग) मानवीकरण

(घ) रूपक

4. प्रेम की प्रिय भूमि उपजाऊ अधिक है– किसके लिए कहा गया है?

(क) सरसों के लिए

(ख) व्यापारिक भूमि के लिए

?

(ग) ग्रामीण परिवेश के लिए

(घ) अलसी के लिए

5. तालाब के तल में भूरी घास **लहरियाँ** क्यों लेती है? क्योंकि

(क) तालाब का पानी हिलता है।

(ख) तालाब के नीचे हवा है।

(ग) घास घुंघराली है।

(घ) **मछलियाँ** घास को हिला **देती हैं**।

6. **चाँद** गोल खम्भा–सा क्यों लग रहा है

(क) पानी के हिलने के कारण

(ख) पानी के ठहरे होने के कारण

(ग) मछलियों के चलने के कारण

(घ) बगुलों के भय के कारण

7. बगुला किसका प्रतीक है?

(क) शोषित का

(ख) भूखे व्यक्ति का

(ग) मजदूर का

(घ) शोषक का

8. काले माथे वाली चिड़िया किसका प्रतीक है?

(क) सादे लोगों की

(ख) चालाक लोगों की

(ग) पठित वर्ग की

(घ) **श्रमिक** वर्ग की

9. कविता में सरसों का सयानी होने का संकेत किससे मिलता है?

(क) हठीली होने से

(ख) ब्याह–मंडप में पधारने से

(ग) **हृदय** दान देने से

(घ) पीले फूल आने से

प्रश्न-

प्र.1 निम्नलिखित पंक्तियों का अर्थ लिखिए:

(क) ''बीच में अलसी हठीली
देह की पतली कमर की है लचीली''

(ख) ''फाग गाता मास फागुन
आ गया है आज जैसे।''

(ग) ''श्वेत पंखों के झपाटे मार फ़ौरन
टूट पड़ती है भरे जल के **हृदय** पर''

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1. कविता के आधार पर चने के सौन्दर्य का चित्रण कीजिए और बताइए कि उसे किन-किन रूपों में दर्शाया गया है ?

प्रश्न 2. सरसों को हो गई सबसे सयानी क्यों कहा गया है ?

प्रश्न 3. व्यापारिक नगर की अपेक्षा ग्रामीण अंचल को प्रेम के लिए अधिक उर्वर क्यों माना गया है ?

प्रश्न 4. 'एक चांदी का बड़ा सा गोल खंभा' का चित्र अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए |

प्रश्न 5. बगुला समाज के किस वर्ग का प्रतीक है ?

प्रश्न 6. निम्न कविता को पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

देखता कोई नहीं है
निर्बलों की यह निशानी
लोचनों की बीच **आँसू**
और पगों के बीच छाले
उठ, समय से तू मोरचा ले!

प्र. 1 कवि का लोचनों के बीच **आँसू** से क्या तात्पर्य **है?**

प्र. 2 पगों के बीच छाले **के पीछे** कवि की क्या भावना है?

प्र. 3 इस कविता में कवि किसकी ओर संकेत करता है?